प्रेस विज्ञप्ति

धार्मिक कर्मियों के लिए नया आप्रवास मार्ग

28 सितंबर, 2022

अल्बर्टा उन धार्मिक कर्मियों से आवेदन स्वीकार करने के लिए अपने प्रांतीय आप्रवास कार्यक्रम (इमिग्रेशन प्रोग्राम) को व्यापक बनाने के लिए अन्य प्रांतों के साथ जुड़ेगा, जो अपने समुदायों की आध्यात्मिक और पादरी या पुरोहिती ज़रूरतों को पूरा करते हैं।

अल्बर्टा विविध तरह की धार्मिक परंपराओं वाले आस्था से जुड़े हजारों समुदायों का ठिकाना है, जिनमें से कई अपने मृत्यु-संबंधी, पादरी-पुरोहिती और आध्यात्मिक ज़रूरतों में सहायता के लिए विदेशों से पादरियों-पुरोहितों और अन्य धार्मिक कर्मियों पर निर्भर करते हैं। हालांकि, फ़िलहाल अल्बर्टा में स्थायी निवासी का दर्जा यानी परमानेंट रेजीडेंसी को तलाशने या पाने के लिए ऐसे कर्मियों के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है, मतलब अपने समुदायों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने वाले कई सुस्थापित धार्मिक कर्मियों को अस्थायी रेजीडेंसी की अवधि समाप्त होने के बाद इस देश को छोड़ना पड़ता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि धार्मिक संगठन अपनी सभाओं की बेहतर सेवा कर सकें, अल्बर्टा की सरकार इन कर्मियों को अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम के अंतर्गत आकर्षित करने के लिए कदम उठा रही है।

धार्मिक नवागंतुक पेशेवर अब अल्बर्टा अपॉर्च्युनिटी स्ट्रीम, अल्बर्टा एक्सप्रेस एंट्री स्ट्रीम और रूरल रिन्यूअल स्ट्रीम के अंतर्गत धार्मिक संगठनों के साथ काम करने और प्रांत में स्थायी रूप से बसने के पात्र हैं। आवेदकों के पास अल्बर्टा-स्थित आस्था से जुड़े संगठन से नौकरी की पेशकश होनी चाहिए और कार्यक्रम के अंतर्गत भाषा, शिक्षा और वेतन की आवश्यकताओं सहित मौजूदा मानदंडों को पूरा करना चाहिए।

ये परिवर्तन अल्बर्टा को ब्रिटिश कोलंबिया, सस्केचवान, मैनिटोबा और ओंटारियो सहित उन अन्य प्रांतों के साथ सुमेलित हैं, जो धार्मिक कर्मियों को अपने प्रांतीय आप्रवास कार्यक्रमों के अंतर्गत आवेदन करने की अनुमति देते हैं।

अल्बर्टा सरकार श्रम बाज़ार की निगरानी जारी रखेगी और यह सुनिश्चित करने के लिए अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम में परिवर्तन करेगी कि इससे अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था और समुदायों को सहयोग मिले।

त्वरित तथ्य

- अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम ऐसा संघीय-प्रांतीय कार्यक्रम है, जो व्यक्तियों को अल्बर्टा में स्थायी निवास के लिए नामित करता है, बशर्ते उनके पास नौकरियों की कमी को पूरा करने के कौशल हों या वे अल्बर्टा में कोई व्यवसाय खरीदने या शुरू करने की योजना बना रहे हों।
- धार्मिक कर्मी अल्बर्टा अपॉर्च्युनिटी स्ट्रीम रूरल रिन्यूअल स्ट्रीम और अल्बर्टा एक्सप्रेस एंट्री स्ट्रीम के अंतर्गत कार्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे मौजूदा पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।
    - अल्बर्टा अपॉर्च्युनिटी स्ट्रीम उन अस्थायी विदेशी कर्मियों के लिए है, जो पहले ही अल्बर्टा में काम कर रहे हैं और जिनके पास अल्बर्टा के नियोक्ता की ओर से पात्र व्यवसाय में पूर्णकालिक नौकरी की पेशकश है।
    - रूरल रिन्यूअल स्ट्रीम उन व्यक्तियों के लिए है, जिनके पास समुदाय-समर्थित अल्बर्टा के किसी निर्दिष्ट ग्रामीण समुदाय में काम करने के लिए नौकरी की पेशकश है।
    - अल्बर्टा एक्सप्रेस एंट्री स्ट्रीम अल्बर्टा को संघीय एक्सप्रेस प्रवेश प्रणाली से उन योग्य उम्मीदवारों को नामित करने की अनुमति देती है, जो अल्बर्टा के साथ मजबूत संबंधों को दर्शाते हैं या ऐसे व्यवसाय में काम कर रहे हैं, जो अल्बर्टा के आर्थिक विकास और विविधीकरण का समर्थन करता है।

संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम
- अल्बर्टा की रिकवरी योजना

ALBERTA'S RECOVERY PLAN

Alberta's Recovery Plan is a plan to breathe new life into Alberta's economy and create new opportunities for every Albertan. It's a plan to build, to diversify, and to create jobs.